# मनोज टीवीएस में दीपोत्सव पर पाएं दोहरी खुशी

## धनतेरस पर मनोज टीवीएस में खुशियों की सौगात



### फेस्टिवल ऑफर के साथ ग्राहकों को मिलेगा आकर्षक गिफ्ट हैम्पर

**शहडोल।** दीपोत्सव पर्व का उल्लास हर ओर छाया हुआ है और इसी उमंग को और खास बनाने के लिए टीवीएस मोटर कंपनी के संभागीय डीलर मनोज टीवीएस शोरूम दीपोत्सव पर सजधज कर तैयार है। 18 अक्टूबर धनतेरस के शुभ अवसर पर ग्राहकों को विशेष तोहफा देने के लिए शोरूम में भव्य तैयारियां की गई हैं। शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता, राजेश गुप्ता एवं योगेश गुप्ता ने बताया कि इस दीप पर्व पर मनोज टीवीएस शोरूम में ग्राहकों के लिए फेस्टिवल ऑफर की सौगात है, जिसमें ग्राहकों को दोहरी खुशी का मौका मिलेगा।इतना ही नहीं, ग्राहकों के लिए शोरूम में दीपोत्सव का खास माहौल तैयार है,जहां दीपों की रोशनी, रंगोली की सजावट और उमंग के वातावरण में उत्सव का रंग और बढ़ाएंगे।शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता, राजेश गुप्ता एवं योगेश गुप्ता ने बताया कि फेस्टिवल ऑफर में ग्राहक को 1001 की बुकिंग पर आकर्षक गिफ्ट हैंपर इक्कीस सौ रुपए नगद छूट गाड़ी डिलीवरी के समय स्क्रैच कार्ड से एक गाड़ी फ्री में पाने का मौका मिल सकता हैं। स्क्रैच कार्ड से प्रत्येक ग्राहक को जूपिटर स्कूटी के साथ ढेरों पुरस्कार जीतने का अवसर मिल सकता हैं। इसके अलावा वाशिंग मशीन, फ्रिज, एलईडी टीवी, माइक्रोवेव ओवन, म्यूजिक सिस्टम, ट्रॉली बैग, इंडक्शन कुकर, मिक्सर ग्राइंडर, डिनर सेट, लेमन सेट, बाउल सेट और टी सेट जैसे आकर्षक उपहार भी स्क्रैच कार्ड से मिलने का अवसर हैं। दीपावली तक यह ऑफर लागू है। शोरूम में कंपनी के सभी नए मॉडल्स, सभी कलर्स की विशाल श्रृंखला उपलब्ध हैं। वहीं शोरूम में सेल्स, सर्विस, फाइनेंस और स्पेयर पार्ट्स की भी बेहतर सुविधा उपलब्ध है। शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने बताया कि हमारे शोरूम में ग्राहकों के विश्वास और संतुष्टि को प्राथमिकता है। फेस्टिवल ऑफर में ग्राहकों को नये वाहन पर 2100



रुपए की नगद छूट के साथ आकर्षक उपहार के साथ दोहरी खुशी प्रदान की जा रही है।दीवाली के त्योहारों में मनोज टीवीएस का यह ऑफर न केवल ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि ग्राहकों के द्वारा शोरूम में पहुंच कर फेस्टिवल ऑफर व स्क्रैच कार्ड ऑफर का लाभ लेकर नई टीवीएस वाहन के साथ अपनी खुशियां दोगुनी कर रहे हैं। मनोज टीवीएस शोरूम का फेस्टिवल ऑफर उपभोक्ताओं के लिए सुनहरा अवसर है। नई गाड़ी के साथ ढेरों उपहार और नगद छूट का लाभ मिलने से ग्राहकों में उत्साह है।शोरूम स्टाफ ने उत्सव की तैयारी को लेकर विशेष सजावट की है। दीपों, रंगीन बल्बों और फूलों से पूरे शोरूम को सजाया हैं, ग्राहकों का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया जा रहा हैं। खरीददारी के दौरान ग्राहकों को विशेष सुविधा और परामर्श भी प्रदान किया जा रहा हैं ताकि वे अपने मनपसंद वाहन का चुनाव आसानी से कर सकें। शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने बताया कि दीपोत्सव खुशियों का पर्व है और मनोज टीवीएस अपने ग्राहकों को दोहरी खुशियां देने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हर ग्राहक हमारे परिवार का हिस्सा बने और इस पर्व पर टीवीएस के साथ अपनी खुशी दोगुनी मनाए। श्री गुप्ता ने बताया कि सीमित समय के लिए लागू फेस्टिवल ऑफर योजना का धनतेरस-दीपावली पर शोरूम पहुंचकर ऑफर का लाभ उठाएं।




### धनतेरस पर दोपहिया बाजार में जोर




धनतेरस के अवसर पर शहर के दोपहिया वाहन बाजार में जोरदार रौनक देखने को मिल रही है। हीरो शोरूम में बाइक, स्कूटी और इलेक्ट्रिक स्कूटी की एडवांस बुकिंग पहले ही हो चुकी है। ग्राहक शोरूम पर पहुंचकर अपनी पसंद का वाहन बुक कर रहे हैं। बाजार में इस अचानक उत्साह का मुख्य कारण केंद्र सरकार द्वारा पिछले माह की गई जीएसटी दरों में कमी है। नई दरों के लागू होने से ग्राहकों को वाहन खरीदने में राहत मिली है, जिसका सीधा असर बिक्री पर पड़ा है। वाहन व्यवसायियों का कहना है कि इस बार धनतेरस और दिवाली पर पिछले वर्षों की तुलना में बिक्री काफी बंपर रहने वाली है। हीरो शोरूम के संचालक राजेश गुप्ता ने बताया कि जीएसटी कटौती ने ग्राहकों के लिए वरदान का काम किया है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन पहले ही एडवांस बुकिंग के तहत सुरक्षित हो चुके हैं और त्योहार के दिन वितरण की तैयारी भी पूरी है। व्यापारी वर्ग का अनुमान है कि इस बार दोपहिया वाहन उद्योग को धनतेरस और दिवाली के अवसर पर 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। जीएसटी कटौती और त्योहारी उत्साह ने मिलकर बाजार में बिक्री की रफ्तार को नया आयाम दिया है।


### होण्डा में उत्सव जैसा माहौल

दीपावली के पांच दिवसीय त्योहारी सीजन की शनिवार को धनतेरस के साथ हो रही शुरुआत के साथ ही आटो बाजार भी चहकने को तैयार है। यूं तो लोग सालभर ही नये वाहनों की खरीदारी करते रहते हैं, लेकिन नवरात्र से लेकर दीपावली तक शुभ-योग के कारण वाहनों की खरीदारी में एकदम उछाल आ जाता है। धनतेरस और दीपावली को लेकर तो दोपहिया से चौपहिया के शोरूमों में दो से तीन माह पूर्व ही वाहनों की एडवांस बुकिंग शुरू हो जाती है। इस बार भी ऐसा ही नजर आ रहा। जीएसटी दरों में आई कमी के बाद होण्डा शोरूम के संचालक उत्सव खरया ने बताया कि बंपर बिक्री और एडवांस बुकिंग के कारण आटो कारोबार से जुड़े कारोबारियों के चेहरे खिले हुए हैं। श्री खरया ने कहा इस त्योहारी सीजन में पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 40 प्रतिशत अधिक बिक्री की उम्मीद हैं।



### स्वर्ण बाजार भी सजकर तैयार

धनतेरस का पर्व भारतीय परंपरा में समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। इस दिन सोना, चांदी, बर्तन और धातुओं की खरीद शुभ मानी जाती है। जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आता है, देशभर के बाजारों में रौनक बढ़ जाती है। लोग नए आभूषणों की खरीदारी करते हैं और ज्वेलरी शोरूम को दीपों और फूलों से सजाया जाता है। विराटनगरी में धनतेरस का बाजार किसी मेले से कम नहीं लगता। शहडोल जिले में सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार शहडोल का माना जाता है। धनतेरस के लिए बाजार दुल्हन की सज चुका है। पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिजाइन की ज्वेलरी, हीरे, कुंदन और चांदी के गहनों की विशाल रेंज यहां मिलती है।




## सत्ता के रौब में प्रशासन बेबस
### अब भी गरीबी रेखा सूची में भाजपा मंडल अध्यक्ष







**जयसिंहनगर।** प्रशासन की लापरवाही और सत्ता के दबाव का ऐसा उदाहरण शायद ही कहीं और देखने को मिले। भारतीय जनता पार्टी की जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती जयश्री कचेर के खिलाफ की गई शिकायत के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार, जयश्री कचेर का नाम नगर परिषद जयसिंहनगर की गरीबी रेखा सूची सीरियल नंबर 579/09 में दर्ज है, जबकि उनके पास दो मंजिला पक्का मकान, ऑल्टो कार एमपी 18 जेडएफ 8240 और रीवा-शहडोल मार्ग पर जनकपुर तिराहे के पास अवैध रूप से निर्मित पक्की दुकान है, जहां वे मनिहारी का व्यवसाय करती हैं। इतना सब कुछ होने के बावजूद वे गरीबों के हिस्से का राशन और सुविधाएं उठा रही हैं।

स्थानीय निवासी विवेक द्विवेदी ने इस संदर्भ में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर को लिखित शिकायत सौंपी थी, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया। जनता का आरोप है कि सत्ताधारी दल के दबाव में अधिकारी घुटने टेक चुके हैं।नगरवासियों ने कहा कि जब सत्ता के पदाधिकारी ही गरीबों का हक छीनेंगे, तो आम जनता किससे न्याय की उम्मीद करे? यह स्थिति न सिर्फ प्रशासनिक निष्क्रियता को उजागर करती है बल्कि शासन की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करती है। लोगों की मांग है कि जयश्री कचेर का नाम तत्काल गरीबी रेखा सूची से हटाया जाए और जांच कराकर उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाए। अन्यथा जनता इस दोहरे चरित्र वाले शासन-प्रशासन के खिलाफ सडक़ पर उतरने से पीछे नहीं हटेगी।

### विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

**शहडोल।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम करने हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर. के. सोनी द्वारा दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए शहडोल नगर के राजस्थान स्वीट्स, पंजाब डेरी, हीरा स्वीट्स और प्रयाग मिष्ठान प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान संचालकों को उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री रखने एवं मिलावट न करने की समझाइश दी तथा प्रतिष्ठानों में साफ सफाई रखने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता की जांच हेतु लड्डू, पनीर, कलाकंद का सैंपल जांच हेतु लिया गया।

**न्यायालय अपर तहसीलदार**
**तहसील गोहपारू**
**जिला शहडोल (म.प्र.)**
रा. प्रकरण- 0005/अ-74/2024-25
गोहपारू दिनांक 17/10/2025

**इश्तहार**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम बरहा रा.नि.म.खन्नौधी तहसील गोहपारू जिला शहडोल (म.प्र.). इ स्थित भूमि खसरा नं. 1271/2 रकवा 2.023 हे. जो भूमिस्वामी रामकली पिता शीतला प्रसाद ब्रां. निवासी खाड़ के नाम दर्ज अभिलेख है, को कलेक्टर महोदय शहडोल के प्रकरण क्रमांक 0034/अ-74/2026-17 मे पारित आदेश दिनांक 23.03.2021 के परिपालन मे भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर म.प्र. शासन दर्ज किये जाने का प्रकरण इस न्यायालय मे प्रचलित है। भूमिस्वामी को सूचना पत्र जारी कर ग्राम में निवासरत होना नही पाया गया है। अत: इस्तहार के जरिए सूचित किया जाता है उक्त भूमि के हितबद्ध व्यक्ति प्रकरण मे नियत दिनांक 11/11/2025 या इसके पूर्व साक्ष्य दस्तावेजो सहित न्यायालयीन कार्य दिवसों मे स्वयं उपस्थित होकर पेशी अथवा मान्य अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। वाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील गोहपारू**
**जिला शहडोल (म.प्र.)**






खबर संक्षेप

## रेत चोरी कर परिवहन करने की सूचना पर ट्रैक्टर जप्त




**हरिभूमि न्यूज़ कोतमा।** शासन के द्वारा पर्यावरण एवं जलीय जीव जंतुओं के संरक्षण को लेकर नदी नालों से रेत के उत्खनन परिवहन पर सख्त प्रतिबंध होने के बाद भी क्षेत्र के शातिर माफियाओं द्वारा आधी रात को रेत चोरी का सिलसिला शुरू कर देते हैं। कोतमा पुलिस ने पैरीचूहा चोड़ार नाला से रात के अंधेरे में रेत चोरी कर परिवहन करने की सूचना पर हाइवे पर घेराबंदी कर बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्राली को जप्त करते हुए कार्रवाई की है। मौके पर आरोपी वाहन चालक नकुल विश्वकर्मा 42 पिता बंधु विश्वकर्मा निवासी पैरीचूहा एवं वाहन मालिक के खिलाफ धारा 303(2) 317 (5 ) बीएनएस एवं खान, खनिज अधिनियम की धारा 4/21 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। बताया जाता है कि माफियाओं द्वारा बढ़ती जा रही ठंड के मौसम का फायदा उठाते हुए आधी रात से लेकर भोर होते तक ट्रैक्टर के माध्यम से रेत चोरी की जाती है। क्षेत्र के लहसूई बमूर घाट, इमली घाट, जमुडी, कटकोना घाट, पंचखुरा, निगवानी, सहित अन्य जगहों से माफियाओं द्वारा गिरोह बनाकर रेत चोरी की जाती है कार्यवाही से हड़कंप देखा जा रहा है।

## प्रेक्षक ने दावा आपत्तियों के कार्य का किया निरीक्षण



**उमरिया।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरपालिकाओं एवं त्रि-पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष-2025 की कार्यवाही हेतु अनूप तिवारी, रा.प्र.से. (सेवानिवृत्त), भोपाल को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक ने नगर पालिका उमरिया एवं नगर परिषद चंदिया में दावा आपत्तियों के कार्य का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत धमोखर,ग्राम पंचायत कोड़ार, जनपद पंचायत मानपुर, ददरौडी ग्राम पंचायत माला में दावा आपत्ति का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## बांधवी हथिनी ने एक नर हाथी बच्चे को दिया जन्म



उमरिया।

क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने बताया कि ताला रेंज के बठान हाथी कैंप में विगत कई माह से रह रही बांधवी हथिनी ने एक नर हाथी बच्चे को जन्म दिया है। बांधवी की उम्र लगभग 14 वर्ष की है तथा यह उसका पहला बच्चा है।

उन्होने बताया कि जन्म के बाद हाथी मां और बच्चे का निरीक्षण रेंज अधिकारी ताला तथा वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा किया गया। हाथी मां को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है।

बांधवगढ़ में 15 कैंप हाथी है तथा रेस्क्यू की गई हाथी बच्ची को मिला कर अभी इनकी संख्या 16 है जो अलग अलग जगह के कैंपों में निवास करते हैं तथा समय समय पर गश्ती तथा अन्य आवश्यक कार्य करते हैं।

### किया शोरूम में हंगामा, गालियों की बौछार और जान से मारने की धमकी

# कारोबारी माहौल में गुंडागर्दी का आतंक!

### सर्विस मैनेजर ने थाने में की शिकायत

**शहडोल।** जिले के प्रतिष्ठित किया शोरूम में बीते सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब शहर के ही कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोग वहां घुस आए और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। मामला केवल बहस तक सीमित नहीं रहा, कुर्सियां पलटीं, कांच टूटे और धमकियों की आवाज़ों से पूरा शोरूम गूंज उठा। यह सब कुछ शहर के व्यस्त क्षेत्र में दिनदहाड़े हुआ, जिससे ग्राहकों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई। घटना के संबंध में शोरूम के सर्विस मैनेजर निवृत्ति ताटीबंदवाले ने थाना सोहागपुर में लिखित शिकायत दी है। शिकायत में बताया गया है कि लक्ष्मण गुप्ता निवासी पुरानी बस्ती शहडोल, अपने साथियों के साथ शोरूम पहुंचे और बिना किसी उकसावे के अभद्रता की सारी सीमाएं पार कर दीं।

### तकनीकी विवाद से शुरू हुई बात

शिकायत के अनुसार, 20 सितंबर को किया सोनेट कार एमपी 18 सीए 6662 को इंजन खराबी के कारण रोडसाइड असिस्टेंस के माध्यम से शोरूम में लाया गया था। कार के मालिक के नाम पर संपर्क करने पर शिवम गुप्ता नामक व्यक्ति शोरूम पहुंचे और वाहन की मरम्मत को लेकर जानकारी ली। सर्विस मैनेजर ने उन्हें बताया कि कार के इंजन में बड़ी तकनीकी समस्या है और फिलहाल तकनीशियन उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए कार को सतना स्थित अधिकृत किया वर्कशॉप में भेजना उचित रहेगा, ताकि काम जल्दी और गुणवत्तापूर्वक हो सके, लेकिन, शिकायत के अनुसार शिवम गुप्ता ने ज़बरदस्ती शहडोल में ही कार रिपेयर करने का दबाव डाला। मैनेजर ने कंपनी नियमों के तहत काम शुरू करने से पहले लिखित सहमति मांगी, ताकि देरी की स्थिति में कोई



विवाद न हो। इस पर बहस बढ़ी और बात टल गई।

### 13 अक्टूबर को पहुंचा तूफान

घटना का असली विस्फोट 13 अक्टूबर 2025 को हुआ, जब शिवम गुप्ता अपने पिता लक्ष्मण गुप्ता और करीब 6-7 साथियों के साथ शोरूम में घुस आए। शिकायत में कहा गया है कि लक्ष्मण गुप्ता ने आते ही भद्दी गालियों की झड़ी लगा दी और कहा शाम को तुझे यहां से उठवा लूंगा, तू मुझे नहीं जानता, लक्ष्मण गुप्ता नाम है मेरा, अभी तेरी औकात दिखाता हूं। आरोप है कि उन्होंने शोरूम में रखी कुर्सी और शीशे पर लात मारकर तोडफ़ोड़ की कोशिश की। कर्मचारियों ने बीच-बचाव किया तो, उन्हें भी धमकाया गया। गालियों और धमकियों का यह खेल कुछ मिनट तक चलता रहा और फिर आरोपी वहां से बाहर निकल गए।

### अब खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा हूं

सर्विस मैनेजर निवृत्ति ताटीबंदवाले ने शिकायत में लिखा है कि लक्ष्मण गुप्ता की इस हरकत से उनका मान-सम्मान गहरा आहत हुआ है और वे अब स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि आरोपी पर गंभीर धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। इस घटना ने शहर के व्यापारिक समुदाय में आक्रोश फैला दिया है। कारोबारी वर्ग का कहना है कि जब एक प्रतिष्ठित ब्रांड के शोरूम में इस तरह से दबंगई की जा सकती है, तो आम दुकानदार कैसे सुरक्षित रहेंगे? व्यापारियों ने प्रशासन से सवाल उठाया है कि क्या शहर में अब दबंगों का डर कानून से बड़ा हो चुका है?

### प्रशासन की जिम्मेदारी पर उठे सवाल

घटना ने यह भी उजागर किया है कि शहर में गुंडागर्दी किस कदर बढ़ती जा रही है। आए दिन धमकी, गाली-गलौज और तोडफ़ोड़ के मामलों की शिकायतें होती हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई केवल कागजों तक सिमट जाती है। इस पूरे मामले में अब सभी की निगाहें थाना सोहागपुर पुलिस पर टिकी हैं कि क्या वह इस शिकायत पर कार्रवाई करेगी या फिर इसे भी जांच जारी है के हवाले कर दिया जाएगा।

# हार-जीत नहीं, खेल भावना ही असली जीत है: कलेक्टर





### शहडोल टीम बनी राज्य स्तरीय फुटबॉल चैंपियन
### उमरिया में 69वीं शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन

**उमरिया।** स्थानीय स्टेडियम में आयोजित पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को शानदार समापन हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हार-जीत खेल का स्वाभाविक हिस्सा होती है, लेकिन असली खिलाड़ी वही है जो हार से सबक लेकर और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लेता है। कलेक्टर जैन ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी समान रूप से आवश्यक हैं, क्योंकि खेल न केवल शारीरिक मजबूती देते हैं बल्कि जीवन में अनुशासन और संघर्ष की भावना भी पैदा करते हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि खेल और पढ़ाई में संतुलन बनाकर अपने कैरियर का स्पष्ट लक्ष्य तय करें और उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी।इस प्रतियोगिता में 10 टीमों के 180 बालक खिलाड़ी और 40 ऑफिशियल्स ने भाग



लेकर अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। पांच दिनों तक चली इस रोमांचक प्रतियोगिता में दर्शकों ने फुटबॉल का जादू और खिलाडिय़ों की अदम्य ऊर्जा का भरपूर आनंद लिया।समापन समारोह में शहडोल टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सागर टीम को द्वितीय स्थान और जनजातीय कार्य विभाग टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता टीमों को पदक और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसके अलावा, प्रतियोगिता संचालन में सहयोग करने वाले स्टेट ऑफिशियल्स, संभागीय टीम प्रमुखों और आवास व्यवस्था में योगदान देने वालों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सहायक संचालक खेल रईस अहमद खान, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी, स्कूल शिक्षा विभाग से शेख सलीम, प्राचार्य





आर.सी. स्कूल विश्वजीत पांडे, संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, शिक्षक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मध्यप्रदेश खेल ध्वज का अवतरण कर उसे जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा, जिससे प्रतियोगिता का औपचारिक समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा ने अपने सधे हुए अंदाज में किया। उमरिया में हुई यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं के प्रदर्शन का मंच बनी, बल्कि जिले में खेल संस्कृति को नई दिशा देने का प्रेरक संदेश भी दे गई।

# ईशा गौतम खेल मंत्रालय में जिला युवा अधिकारी नियुक्त

**उमरिया।** जिला मुख्यालय के ग्राम पंचायत पिपरिया निवासी ईशा गौतम को भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय में जिला युवा अधिकारी/सहायक निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। ईशा गौतम पिपरिया निवासी कॉन्टैक्टर रामलाल गौतम और ग्रहणी अंजू गौतम की बेटी है। ईशा दो बार लगातार यूपीएससी की मेंस परीक्षा उत्तीर्ण करने के



बाद इंटरव्यू में मिली कुछ निराशा से हार न मानने हुए ये सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी लगातार यूपीएससी की तैयारी में जुटी रहेंगी। उनका अंतिम लक्ष्य आईएएस अधिकारी बनने का है, जिसे वे हर हाल में पूरा करेंगी। ईशा की उपलब्धि पर ग्रामीणों ने इसे गांव के साथ जिले के लिए गौरव की बात बताया है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय छात्र-छात्राओं के लिए किया गया ।



रबी सीजन में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों ,बागवानी फसलों पशुधन प्रबंधन एवं मत्स्य पालन प्रौद्योगिकियों के संबंध विशिष्ट आधुनिक तकनीकी एवं प्राकृतिक खेती के ज्ञान का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सी बी सोंधिया के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी डॉ रेम सिंह हटीला के सहयोग से किया गया । शासन के निर्देशानुसार कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया,कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के सहयोग से विज्ञान विषय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं समस्या निवारण , ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु अनुकूलन,खेतिहर मशीनरी,प्राकृतिक खेती के बारे में प्रचार प्रसार कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया के संचालक डॉ के पी तिवारी, डॉ विनीता एवं महाविद्यालय के विज्ञान विभाग के डॉ विष्णु कांत तिवारी,डॉ रश्मि साकेत, डॉ वीरेंद्र विश्वकर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं में जागरूकता अभियान में भाग लिया ।

# विद्यार्थियों ने दिखाया विभिन्न प्रतियोगिताओं मे अपनी प्रतिभा का हुनर



जैतहरी महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तीन दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज़ जैतहरी।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय जैतहरी में सत्र 2025-26 के तीन दिवसीय युवा उत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत चित्रकला, भाषण, कोलाज, मूर्तिकला, कार्टूनिंग, पोस्टर निर्माण, वाद विवाद, रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य तथा नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. संगीता उइके ने कहा कि युवा उत्सव की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को एक मंच उपलब्ध कराती हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी उत्साह से अपनी प्रतिभा को निखारने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन उपरांत प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अशोक कुमार राठौर, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. आर. एस. वाटे, प्रो. राजकुमार सिंह, अतिथि विद्वान बृजेश द्विवेदी, अतिथि विद्वान डॉ. खुशबू खान सहित महाविद्यालय के कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# अध्यक्ष महामंत्री सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ली एचएमएस की सदस्यता



हरिभूमि न्यूजबदरा/जमुना।

कोयला मजदूर सभा जमुना कोतमा क्षेत्र के प्रिय कामगार साथियों बड़े हर्ष का विषय है कि कोतमा सभा एचएमएस संगठन पर भरोसा जताते हुए एटक श्रमसंघ के पूर्व अध्यक्ष उग्रभान मिश्रा एवं पूर्व महामंत्री रिषी नारायण तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने 16 अक्टूबर को ऋषि तिवारी के आवास में श्रीकांत शुक्ला क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं उमेश मिश्रा जेसीसी सदस्य के नेतृत्व में प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किए हर्षोल्लास के इस मौके में क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला द्वारा तिलक लगाकर माल्यार्पण कर सदस्यता दिलाई गई। शुक्ल ने बताया कि प्रिय साथियों यह बताना आवश्यक है कि 9-10 खदान के एटक के अध्यक्ष सचिव सहित पूरी कार्यकारिणी, भदरा 7-8 खदान के अध्यक्ष सचिव सहित पूरी कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण किए सदस्यता ग्रहण करने वाले उग्रभान मिश्रा पूर्व अध्यक्ष, ऋषि नारायण तिवारी पूर्व महामंत्री, सुनील कुमार मिश्रा पूर्व श्रम कल्याण समिति सदस्य, चंद्रमणि पयासी, शिवा वर्मन, नोखेलाल मिश्रा, राजू वर्गीश, सुनील सिंह, इंद्रमणि तिवारी, अमसिया बाई, प्रतिमा तिवारी, नाथूलाल, एन के शर्मा, श्रवण चतुर्वेदी, रोशनदाश, मो एहसान, अहमद खान, संजय चटर्जी, राजेंद्र गर्ग, गंगा दिनकर, राम समुझ, गुड्डू प्रजापति, नारायण मिश्रा, कमलेश द्विवेदी, हरि गोविन्द शर्मा, दिलीप वर्मा, बालेंद्र द्विवेदी, लक्ष्मी कांत मिश्रा पूर्व अध्यक्ष। ओसीपी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए अंत में सभी को श्रीकांत शुक्ला द्वारा संगठन में काम करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# सेवानिवृत्त कोलकर्मियों के लिए अभियान 4.0 की तैयारी शुरू

### बिना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के अब नहीं होगा पेंशन का भुगतान

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** कोल इंडिया के सेवानिवृत्त कोलकर्मियों और पेंशन भोगियों के लिए अब डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र देना अनिवार्य कर दिया गया है। कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार, सभी पेंशन भोगियों को अपनी पहचान और जीवित स्थिति कीडिजिटल पुष्टि करनी होगी। यह कदम पेंशन की प्रक्रिया को पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में अहम प्रयास है। पेंशन व पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा नवंबर में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 चलाया जायेगा। इसमें सीएमपीएफओ, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, यूआइडीएआइ, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की भी भागीदारी रहेगी। सीएमओएआइ के पूर्व पदाधिकारी संजय राणा ने बताया कि 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनभोगियों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। वे अपना जीवन प्रमाण पत्र एक से 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे, जबकि अन्य सभी लाभार्थियों के लिए यह अवधि एक से 30 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है।

# सरपंच फूल सिंह मरकाम की मेहनत रंग लाई

अमरपुर।

जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कमकोमोहनियां के सरपंच फूल सिंह मरकाम जोकि भारतीय सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष भी हैं। क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग रहा कि कमकोमोहनियां में कन्या छात्रावास खुले जिस क्षेत्रीय मांग की पहल सरपंच द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपरांत ही प्रारंभ किया गया था।

जिसे मध्य प्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल का आदेश कन्या पोस्ट मैट्रिक छात्रावास कमको मोहनियां विकासखंड अमरपुर जिला डिंडौरी में संचालित किए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं। जिस आदेश की प्रतिलिपि फूल सिंह मरकाम को शासन द्वारा प्रेषित किया गया हैं। सरपंच द्वारा किए गए प्रयास में मिली सफलता से क्षेत्र में प्रसन्नता का माहौल हैं। पूरे क्षेत्र के लोगों द्वारा सरंपच की सराहना की जा रही हैं। अब इस क्षेत्र की छात्रों को शिक्षा की क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर भी मिल सकेगा। जोकि क्षेत्रीय छात्राओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही हैं।

# जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के प्रावधानों के तहत जिले में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। आदेश में धान फसल की कटाई में प्रयुक्त किये जा रहे है कबाइन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिये स्ट्रा रीपर को रखना भी अनिवार्य किया गया है।

प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि फसल कटाई का कार्य मुख्यतः कंबाइन्ड हार्वेस्टर द्वारा किया जाता है और कटाई के बाद बचे हुए डंठलों (नरवाई) से भूसा न बनाकर इसे जलाया जाता है, जबकि भूसे का उपयोग पशु आहार के साथ ही अन्य उद्योग में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त भूसे एवं चारा की मांग अन्य जिलों और प्रदेश में रहती है। पर्याप्त मात्रा में भूसा, पैरा उपलब्ध न होने के कारण पशु अन्य हानिकारक पदार्थ जैसे पॉलिथीन इत्यादि खाकर बीमार होते हैं और अनेक बार मृत्यु के कारण पशुधन की हानि भी होती है। नरवाई का भूसा कुछ माह बाद दोगुनी दर पर विक्रय होने के कारण किसानों को यही भूसा बढ़ी हुई दर पर क्रय करना पड़ता है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि नरवाई एवं पैरा में आग लगाना कृषि के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण अग्नि दुर्घटना होने से संपत्ति की हानि भी होती है। बढ़ते जल संकट में बढ़ोत्तरी का कारक होने के साथ ही इससे कानून व्यवस्था के लिए विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती है। इसके अलावा खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जन-धन, संपत्ति, प्राकृतिक, वनस्पति और जीव-जन्तु नष्ट होने से व्यापक नुकसान भी होता है तथा नरवाई जलाने से खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले लाभाकारी सूक्ष्म जीवाणु नष्ट होने के कारण खेत की उर्वरा शक्ति घट जाती है और उत्पादन प्रभावित होता है। खेत में कचरा, डंठल सडऩे के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते है। इन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा नष्ट करने जैसा है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन भी होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा इन परिस्थितियों के मद्देनजर, जनसामान्य के हित, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण की हानि रोकने एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नरवाई जलाने को प्रतिबंधित करने का आदेश उमरिया जिले की संपूर्ण सीमा क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश में कहा गया है कि इसका उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहित 2023 के प्रावधानों के तहत दण्डनीय कार्यवाही होगी। इसके साथ ही प्रत्येक कंबाइन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिए स्ट्रा रीपर अनिवार्य रूप से रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सीआरपी जागरूकता सप्ताह के तहत कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.एस.चंदेल ने बताया कि सीआरपी जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया, जिस का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों, सुरक्षा कर्मियों और आम नागरिकों को सीपीआर पद्धति में प्रशिक्षित करना और आपात स्थिति में जीवन बचाने की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ के अलावा पैरामेडिकल स्टाफ एवं सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण करने हेतु सभी संस्थाओं में निर्देशित किया गया।

### छात्राओं को पाकसो एक्ट के बारे में दी गई जानकारी



**ब्यौहारी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में परियोजना व्यवहारी अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकेतपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम कराया गया, जिसमे बालिकाओं से संवाद किया गया, प्रश्नोत्तरी कराया गया बालिकाओं को pacso एक्ट और साइबर से संबंधित जानकारी दी गई, कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं को परियोजना अधिकारी रोशनी तिवारी द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत परियोजना अधिकारी रोशनी तिवारी, सुपरवाइजर सुनीता प्रजापति, विद्यालय के शिक्षक एवं बालिकाएं उपस्थित थी।

# खाद्य पदार्थों का किया गया निरीक्षण




**उमरिया।** कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र जैन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा ने नौरोजाबाद नगर परिषद अंतर्गत मिष्ठान दुकानों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान खुशनूर डेली नीड्स में रेफ्रिजरेटर में रखी हुई सामग्री की एक्सपायरी एवं दुकानों में रखा हुआ खाद्य पदार्थ की एक्सपायरी की जांच की गई जिसमें कोई भी पैकेट एक्सपायरी डेट का नहीं पाया गया साथ ही फूड लाइसेंस के संबंध में जांच की गई जो सही पाया गया। अग्रवाल किराना एवं जनरल स्टोर पीपल चौक में सैंपल के रूप में मखाना पैक्ड बूंदी मूंगफली शक्कर का सैंपल एकत्र किये गये।दुकान में पाए गए एक्सपायरी नमकीन के पैकेट 4 एवं बेसन के सेव के 12 पैकेट डिस्पोज करने के निर्देश दिए गए वही द्विवेदी स्वीट्स से सैंपल के रूप में पीड़ा एवं कलाकंद एकत्र किया गया।कारखाने का भ्रमण कर बनाए जाने वाले मिष्ठान सामग्री का अवलोकन किया गया।समोसे एवं चटनी बनाने के सामग्री एवं तेल एक्सपायरी की जांच की गई जो उचित अवधि के पाए गए।दुकान में कार्य कर रहे कारीगरों को हेड कैप एवं मास्क का उपयोग करने एवं स्वच्छता का ध्यान रखने हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा समझाइश दी गई। बीकानेर मिष्ठान भंडार का भ्रमण में टीम द्वारा मिठाइयों का अवलोकन किया गया जहां मिठाइयां एवं फ्रिज में पाए गए सामग्री उचित साफ सफाई एवं स्वच्छता के साथ रखी हुई पाई गई।करकेली मार्केट का भ्रमण करते हुए टीम द्वारा अग्रवाल होटल का अचौक निरीक्षण किया गया जिसमें कोई भी एक्सपायरी सामग्री नहीं पाई गई । खोवा भी उचि बनाते हुए पाया गया खाद्य सामग्री उचित पाई गई खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा त्योहार बनाए जा रहे मिष्ठान सामग्री को बनाने में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया।टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा,डॉक्टर के एल बघेल, डॉ एस बी चौधरी एवं प्रभारी मीडिया अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध रेत परिवहन करते वन विभाग ने ट्रैक्टर को किया जप्त, मौके से टैक्टर चालक हुआ फरार



**बुढार।** वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बैम्हौरी के जंगल में रात्रि गश्त के दौरान विभाग ने अवैध रूप से टैक्टर में खनिज रेत का उत्खनन कर परिवहन करते हुए टैक्टर ट्राली मय इंजन को जप्त किया है।

टीम प्रभारी कमला प्रसाद वर्मा ने बताया कि वन मंडलाधिकारी श्रद्धा पेंद्रे के आदेश क्रमांक 8607 के परिपालन एवं उनके दिशा निर्देशन में वन्य प्राणी सुरक्षा अधिनियम के तहत वनों की सुरक्षा हेतु वन विभाग की एक टीम गठित कर रात्रि गश्ती के लिए तैनात की है इसी दौरान गुरुवार की रात लगभग साढ़े 11 बजे संवेदनशील वन क्षेत्र में गश्त कर रही टीम ने सिलपरी, धनपुरी बैम्हौरी जंगल मार्ग बीट आर एफ 833 के क्षेत्र से से टैक्टर को आते देख रोकने का प्रयास किया लेकिन टैक्टर चालक वाहन को लेकर भागने लगा मौके से पीछा कर टैक्टर में लोड रेत के संबंध में दास्तावेज की मांग की मौके पर दास्तावेज प्रस्तुत नहीं किया तो वाहन को जप्त कर अपने अभिरक्षा में लेकर वन परिक्षेत्र कार्यालय में खड़ा कर जांच-पड़ताल कर रहे हैं।

## वाहन चालक ने पलटा दिया

वन विभाग की टीम जब टैक्टर को रोकने का प्रयास किया तो वाहन चालक तेज रफ्तार टैक्टर को चलते हुए अनियंत्रित कर ट्राली को पल्टा दिया और मौके से अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया लेकिन वन विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन के सहयोग से वाहन को खड़ा कर अपने कब्जे में लेकर टैक्टर को अपने अभिरक्षा में घटना-स्थल से लाकर जप्त किया।

## वाहन स्वामी पहुंचा

इस पुरे घटनाक्रम में दुसरे दिन शुक्रवार को वाहन स्वामी दिनेश मिश्रा पिता शिव गोविद निवासी पुरानी बस्ती धनपुरी ने अपने चालक जगन ऊर्फ गुड्डा पिता राम विशाल कोल निवासी सिलपरी ने वाहन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किया है जिन्हें वन विभाग ने मौके पर लेजाकर मुयायना कर जांच कर रहे हैं।इस धर-पकड़ कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी सलीम खान के मार्गदर्शन में वन सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कमला प्रसाद वर्मा एवं विजय प्रजापति, राकेश बैगा,सुधीर तिवारी, पुरुषोत्तम बैगा टीम में शामिल रहे।

# हाई स्कूल खैरा के अतिक्रमणकारियों को तहसीलदार ने कब्जा हटाने दिया नोटिस



**ब्यौहारी।** शासकीय हाई स्कूल खैरा के सामने अतिक्रमण कर वहां पर पोल्ट्री फार्म और दुकान चलाया जा रहा है अतिक्रमण करने लोगों द्वारा स्थाई दुकान बना ली गई दुकानों में अवैध काम भी किया जा रहा है जिससे पढ़ने वाले बच्चों में गलत असर पड़ रहा है जबकि नियम के मुताबिक स्कूल के 100 मीटर के दायरे में कोई दुकान नहीं होनी चाहिए गुटखा पान दुकान नहीं होनी चाहिए लेकिन यहां पर अंडा और मुर्गा बिक रहा है इसको लेकर के कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच , जनपद सदस्य द्वारा शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई ब्यौहारी की पूर्व एसडीएम सौम्या आनंद भी मौके पर पहुंची थी लेकिन उन्होंने भी कोई एक्शन नहीं लिया लेकिन अब तहसीलदार द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया है और 10 अक्टूबर तक अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था लेकिन आज दिनांक 18/10/25 तक इन लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया जिन लोगों के खिलाफ नोटिस जारी की गई है उनमें । साबिर पिता मोल मुसलमान, फखरुद्दीन पिता मोले अली पिता मोले, निजामुद्दीन पिता हजरत, शिव बालक पिता हर छठी कोल, पप्पू विजय पिता बाबूलाल साकेत अमरनाथ पिता मुन्ना गोंड सभी ग्राम खैरा के निवासी हैं तहसील द्वारा द्वारा पारित आदेश दिनांक 076-अ 68-2024-25 08/04/25 आराजी क्रमांक 551/1/1 पर अतिक्रमण कर गोमती का निर्माण किया गया और दुकान का संचालक किया जा रहा है जिस स्कूल का वातावरण दूषित हो रहा है आदेश पारित करते हुए अर्थ दंड भी अधिरोपित किया गया है इसके बाद भी अतिक्रमण कर्ताओं ने अपना कब्जा नहीं हटाया नोटिस के अनुसार तहसीलदार द्वारा 10 अक्टूबर तक अतिक्रमण हटाए जाने का समय दिया गया था लेकिन अभी तक इनके द्वारा आक्रमण नहीं हटाया गया अब देखना यह है कि तहसीलदार के आदेश को न मानने वाले अतिक्रमण कर्ताओं के खिलाफ खंड प्रशासन क्या कार्रवाई करता है

## इनका कहना है

अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया गया था लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया इसकी जानकारी तहसीलदार को दी जाएगी उनके निर्देश पर आगे की करवाई होंगी

**सुधाकर सिंह हल्का पटवारी खैरा।**

# तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 संपन्न



**ब्यौहारी।** पंडित रामकिशोर शुक्ल स्मृति शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, ब्यौहारी में 14 से 16 अक्टूबर 2025 तक तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय "युवा उत्सव 2025" का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को एक मंच दिया, बल्कि कला, साहित्य और संगीत की समृद्ध परंपरा को भी पुनर्जीवित किया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं अतिथिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अर्चना गौतम एवं संयोजिका डॉ. उषा तिवारी जी ने पूरे आयोजन की रूपरेखा तैयार करते हुए सभी प्रतियोगिताओं का सफल संचालन कराया। उत्सव में कुल 22 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य विधाओं में एकल नृत्य (शास्त्रीय) समूह नृत्य एवं लोकनृत्य एकांकी, मूकाभिनय, स्किट और मिमिक्री एकल एवं समूह गायन (शास्त्रीय, सुगम और पाश्चात्य) वाद्य वादन, वाद-विवाद, वक्तृता और प्रश्न मंच चित्रकला, रंगोली, क्ले मॉडलिंग, कोलाज, पोस्टर निर्माण एवं कार्टूनिंग जैसी विधाएं शामिल रहीं। हर एक प्रतिभागी ने अपनी कला से दर्शकों को प्रभावित किया। नृत्य और गायन प्रतियोगिताओं में जहाँ भारतीय ज्ञान परंपरा की झलक देखने को मिली, वहीं मूकाभिनय और एकांकी में विद्यार्थियों ने सामाजिक विषयों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जिनमें — डॉ. जाग्रति कटारा, डॉ. राजेश प्रजापति, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. पुष्पा भामदरे, डॉ. संजय सिंह, डॉ. मनीष त्रिपाठी, डॉ. अंजना तिवारी, डॉ. संजय गुप्ता, प्रमुख रहे। सभी निर्णायकों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कला, सृजनात्मकता, भाव-प्रदर्शन और तकनीकी दक्षता के आधार पर किया। कार्यक्रम की सहयोग व्यवस्था में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के स्वयंसेवकों की भूमिका विशेष रही। NSS दलनायक के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने मंच सज्जा, अतिथि सत्कार, अनुशासन व्यवस्था और प्रतियोगिता संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी अनुशासित और सेवा-भावना से परिपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को सुव्यवस्थित और यादगार बना दिया। इस युवा उत्सव में जहाँ एक ओर रंगोली और चित्रकला ने रंगों की भाषा में भाव व्यक्त किए, वहीं क्ले मॉडलिंग और पोस्टर निर्माण जैसी प्रतियोगिताओं ने छात्रों की कल्पनाशक्ति को नई दिशा दी।कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कृतियाँ महाविद्यालय के कला विभाग की सृजनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बनीं। साहित्यिक विधाओं में वाद-विवाद और वक्तृता प्रतियोगिताओं ने विशेष आकर्षण खींचा। विद्यार्थियों ने शिक्षा, समाज और युवा चेतना जैसे विषयों पर प्रभावशाली विचार रखे। वक्ताओं के तार्किक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास ने दर्शकों से भरपूर प्रशंसा पाई। 16 अक्टूबर को आयोजित समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा युवा उत्सव का उद्देश्य केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, सहयोग और भारतीय संस्कृति की आत्मा को समझना है। विद्यार्थियों को इन आयोजनों से आत्मविश्वास, रचनात्मक दृष्टिकोण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।" कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अर्चना गौतम ने सभी निर्णायकों, स्टाफ और NSS स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "महाविद्यालय का यह उत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव है। "महाविद्यालय स्तर पर चयनित प्रतिभागी अब जिला स्तरीय युवा उत्सव में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित प्रतिभागियों में गायक, वादक, नर्तक, वक्ता एवं कलाकार शामिल हैं, जो ब्यौहारी महाविद्यालय का नाम जिले में गौरवान्वित करेंगे। तीन दिनों तक परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल छाया रहा। मंच पर प्रस्तुत किए गए लोकनृत्य, नाट्य और गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। विद्यार्थियों के चेहरे पर गर्व और जोश की चमक देखने योग्य थी "युवा उत्सव 2025" ने न केवल विद्यार्थियों की कला और संस्कृति के प्रति लगाव को उजागर किया, बल्कि यह साबित किया कि ब्यौहारी महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति, सृजन और समर्पण का मंदिर है। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना का नया संचार किया है, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाएगा।

# बिरसिंहपुर रेल पथ निरीक्षक कार्यालय में संरक्षा संगोष्ठी का हुआ आयोजन




**उमरिया।** जिले के बिरसिंहपुर पाली में आज रेल पथ निरीक्षक कार्यालय के प्रांगण में वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी /बिलासपुर साकेत रंजन के निर्देशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप मे क्षेत्रीये रेल प्रबंधक शहडोल आर. एस. मोहंती, सहायक मंडल अभियंता /उमरिया प्रशांत कुमार बारीक़ तथा संरक्षा सलाहकार /बिलासपुर - घनश्याम विश्कर्मा , संजय कुमार शर्मा, घनश्याम राज,शिव जायसवाल, अमित चौरसिया/बिजुरी,राकेश कुमार संरक्षा सलाहकार /शहडोल, मुख्य स्टेशन प्रबंधक शहडोल दौलत राम पढ़वार, रेल पथ निरीक्षक भानु प्रकाश पटेरिया तथा रेलवे के विभिन्न विभागों के लगभग 80 स्टॉफ ने इस संरक्षा संगोष्ठी में भाग लिए । इस संगोष्ठी में रेल कर्मचारियों अपनी ड्यूटी के दौरान संरक्षा के प्रति सजग रहने,,इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रेल डॉली चलाने तथा किसी भी प्रकार के ब्लॉक को बिना प्रॉपर प्रोटेक्शन के नही करें तथा परिचालन विभाग के द्वारा शटिंग के दौरान रखी जाने वाली सावधानिया, लोड को स्टेबल एवं लोड क्लियर करते समय बरतने वाली सावधानिया के बारे मे बतलाया गया एवं फ्लैट टायर, हॉट एक्सल, हैंगिंग पाट्र्स की मिलने पर स्टेशन मास्टर तथा पॉइंट्समैन के कर्त्तव्य के बारे मे बतलाया गया जिसमे बिरसिंहपुर के समस्त रेल अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पाली कन्या शिक्षा परिसर में सक्षम ईयर 2 मॉड्यूल का हुआ विमोचन




## जेएसडब्यू सीमेंट लिमिटेड मड़वा टोला के प्रतिनिधि सीएसआर हेड संतोष राजपूत द्वारा पाली ब्लॉक के 80 विद्यालयों के लिए मॉड्यूल प्रिंट करा कर उपलब्ध कराया गया

**उमरिया।** जिले के कन्या शिक्षा परिसर पाली में जनजातीय कार्य विभाग व मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में जीवन कौशल सक्षम कार्यक्रम के तहत ईयर 2 के लाइफ स्किल मॉड्यूल कक्षा 7-10, जेंडर मॉड्यूल कक्षा 6-10 एवं रोजगार शिक्षा मॉड्यूल कक्षा 11-12 का विमोचन सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य डॉ. पूजा द्विवेदी,सरिता जैन विकास खंड शिक्षा अधिकारी पाली एवं संतोष शिवहरे बीआरसीसी पाली द्वारा किया गया। विदित हो जेएसडब्यू सीमेंट लिमिटेड मड़वा टोला के प्रतिनिधि सीएसआर हेड संतोष राजपूत द्वारा पाली ब्लॉक के 80 विद्यालयों के लिए मॉड्यूल प्रिंट करा कर उपलब्ध कराया गया है, जिसे विमोचन के उपरांत उपस्थित अतिथियों द्वारा संबंधित विद्यालयों को वितरित किया गया, इससे सक्षम कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सहयोग मिलेगा। संतोष राजपूत द्वारा उनके इस सहयोग के लिए विभाग द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ।कार्यक्रम के उपरांत सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग ने कहा कि संकुल स्तर पर जन शिक्षक प्रत्येक माह की 20 से 25 तारीख के बीच समीक्षा करें। प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में दो दो विद्यालयों को ष्सक्षम मॉडलष बनाएं, ताकि आसपास के विद्यालय उनसे प्रेरणा लेकर और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। जिले में सभी को टीम भावना से कम कर जिले की प्रगति के लिए निर्देशित किया।सक्षम कार्यक्रम के जिला प्रबंधक महाराणा प्रताप सिंह को प्रगति की रिपोर्ट हर माह की 27 तारीख को उन्हें प्रस्तुत करने के लिए कहा,ताकि माह के अंत में निर्धारित गतिविधियों का शत प्रतिशत संचालन एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जा सके। विदित हो कि गत वर्ष सक्षम कार्यक्रम में उमरिया जिला मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इस दौरान माध्यमिक शाला बिंझला टोला से रजनीकांता खरे द्वारा अपने विद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिस साझा करते हुए कार्यक्रम से विद्यार्थियों के जीवन में आ रहे परिवर्तनों के सफलता की कहानी प्रस्तुत की गई। साथ ही बच्चों द्वारा बनाई गई मेरी सीख की किताब का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पहले और सक्षम कार्यक्रम के बाद क्या परिवर्तन हुए उदाहरण सहित प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संजय पांडेय द्वारा किया गया।

### बिजुरी पुलिस की बड़ी सफलता

## बुजुर्ग के साथ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी दंपति की गिरफ्तारी




हरिभूमि न्यूज बिजुरी कालरी।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन पर गंभीर अपराधों में लिप्त अभियुक्तों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है जिसके अनुपालन में धोखाधड़ी के मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी बिजुरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम एवं सायबर सेल की संयुक्त कार्रवाई के दौरान तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी दम्पति को गिरिफ्तार किया गया है। मामले का संक्षिप्त जानकारी इस प्रकार है कि थाना बिजुरी में फरियादी राजकुमार महरा पिता स्व. बिरझू महरा उम्र 60 वर्ष निवासी मोहरी हाल पौराधार द्वारा दिनांक 01.10.2025 को एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई कि योगेश चन्द्रा एवं उसकी पत्नी हेमा चन्द्रा, मनोज गुप्ता के साथ मिलकर पीएफ फण्ड निकलवाने की प्रवंचना कर छल एवं धोखाधड़ी कर फरियादी से 9.44 लाख रुपये हड़प लिए गए हैं। घटना विवरण पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 420, 406, 120-बी भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना में आरोपीयों के विरुद्ध आरोप प्रमाणित पाए गए तो प्रकरण के आरोपी योगेश चन्द्रा पिता स्व. आनंदराम चन्द्रा उम्र 39 वर्ष और हेमा चन्द्रा पति योगेश चन्द्रा उम्र 31 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा प्रकरण से संबंधित दस्तावेजी साक्ष्य जप्त किए गए हैं और गिरिफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया है तथा आरोपी मनोज गुप्ता की तलाश जारी है। यह उल्लेखनीय है कि आरोपी दम्पति फरियादी बुजुर्ग कालरी कर्मचारी का नाती है जिसने अपने नाना के अनपढ़ और बुजुर्ग होने का फायदा उठाकर उसके साथ धोखा धड़ी की गई है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिजुरी निरी. विकास सिंह, उप निरीक्षक विपुल शुक्ला, आरक्षक विश्वजीत चालक आरक्षक कर्मजीत सिंह तथा सायबर सेल के प्रआर राजेन्द्र अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### धनत्रयोदशी के साथ आज से पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व होगा आरंभ

# धनतेरस पर बन रहा दुर्लभ योग, बाजार मे आज होगी धन की वर्षा

## बिकने को बाजार मे सामान सजकर तैयार, कुछ के खुलेंगे किस्मत के द्वार

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

धनतेरस को लेकर जिले के बाजारों में बर्तन वाहनों के शो रूम सजावटी सामान मिठाईयो की दुकान कपड़ों के दुकान ज्वेलरी के दुकान से लेकर मिट्टी के दीये खिलौने आदि के दुकान सज गए हैं। धनतेरस से पंचदिवसीय दीपोत्सव आरम्भ हो जाता है। दिवाली से पहले धनतेरस पर लोग खरीददारी करते हैं ताकि घर में मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर का वास हो सके। इस साल 18 अक्टूबर को धनतेरस है, इस दिन कुबेर जी की पूजा होती है। इस साल धनतेरस पर काफी शुभ योग बन रहे हैं। ऐसे में कुछ राशियों को विशेष लाभ मिल सकता है। हिंदू धर्म में धनतेरस का विशेष महत्व है। इस दिन सोना-चांदी सहित अन्य चीजों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। धनतेरस हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है जिसे पूरे देश में बेहद खुशी और उत्साह के साथ मनाया जाता है। लोग धन और समृद्धि की देवी देवी लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा करते हैं। इस दिन को धन्वंतरि जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। धनतेरस त्रयोदशी तिथि को मनाया जाने वाला है इसलिए इसे धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है।









### धनतेरस पर बन रहा दुर्लभ योग

धनतेरस पर ब्रह्म योग और बुधादित्य योग का शुभ संयोग बन रहा है, जो इसे और भी विशेष बना देता है। जो आर्थिक समृद्धि और भाग्य को मजबूत करेगा। विशेष रूप से तुला, कर्क और मकर राशि वाले इस अवसर से लाभान्वित होंगे। ज्योतिष अनुसार, ये योग धन और भाग्य से जुड़ी बाधाओं को दूर कर सकते हैं। विशेष रूप से तुला, कर्क और मकर राशि वालों के लिए यह दिन जीवन में नई आर्थिक संभावनाओं और तरक्की के द्वार खोल सकता है। ब्रह्म योग और बुद्धादित्य योग के इस समागम से सभी राशियों को किसी न किसी रूप में लाभ मिलेगा। खासकर करियर, धन-संपत्ति और प्रतिष्ठा के मामले में यह योग बहुत फायदेमंद साबित होंगे। जो लोग लंबे समय से अपने भाग्य को लेकर चिंतित थे, उनके लिए यह समय नई शुरुआत और तरक्की का संदेश लेकर आएगा। व्यापार में वृद्धि होगी और नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति के अवसर मिल सकते हैं।

### गुलजार हुआ बाजार

दीपावली को लेकर मिट्टी के दीपकों, बर्तनों व घर की सजावट के लिए कृत्रिम फूलों की लडियों, तोरण और इलेक्ट्रानिक आइटम में झालर आदि की दुकाने सज गई है। मिठाई की दुकानें भी सजी दिख रही है। सोना, चांदी की दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए इस बार कई तरह की उपहार योजना चला रहे हैं। दीपावली से पहले ज्वेलरी दुकानों में सोने के कंगन, हार, चैन, झुमका, अंगूठी सहित विभिन्न वेरायटी के आभूषण उपलब्ध हैं। इसी तरह चांदी के सिक्कों के अलावा पायल, बिछिया, लक्ष्मी गणेश प्रतिमा, श्रीयंत्र वेरायटी हालमार्क के साथ उपलब्ध है। इसके अलावा चांदी में लक्ष्मी गणेश प्रतिमा की भी मांग है। दूसरी ओर इलेक्ट्रानिक की दुकानों पर टीवी, फ्रिज, कूलर, एसी, डीवीडी, मिक्सर ग्राइंडर आदि उपलब्ध हैं। वहीं आटोमोबाइल, कम्प्यूटर, मोबाइल आदि के दुकानें सजी है।

### पंच दिवसीय दीपोत्सव की आज से शुरूआत

पांच दिनो तक मनायें जाने वाले दीपेत्सव के पहले शनिवार को धनतेरस मनाने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर कारोबारियों ने अपने स्तर से तैयारी की हैं। उन्हें शनिवार को ग्राहक का इंतजार है। जब लोग अनिवार्य रूप से खरीदारी करते हैं। जिले में धनतेरस को लेकर बाजार सज धज कर तैयार हैं। रोशनी के उत्सव दीपावली को लेकर जहां एक तरफ मिट्टी के दियों से बाजार भरे हैं। वहीं, रंग-बिरंगे झालर बल्ब लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों को बाजार में पटाखे खरीदते हुए देखा जा रहा है। बर्तन दुकान, इलेक्ट्रानिक दुकान और वाहन शोरूम के लिए धनतेरस से लेकर दीपावली तक साल का सबसे बेहतर समय होता है। धनतेरस के दिन बर्तन व सोना खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए एक दिन पहले सोमवार को तैयारियों में दुकानदार कोई कसर नहीं छोड़ रहे। आभूषण और बर्तनों की अच्छी बिक्री से दुकानदार उत्साहित है। बाजार में घरों के सजावट के सामानों की दुकान भी सच कर तैयार हैं तोरण द्वार फूल माला प्लास्टिक की पत्तियां दुकानों में बिक्री के लिए दुकानदारों के द्वारा सजा दी गई है। नगर में मिष्ठान की दुकान भी सजाई जा रही

### धनतेरस पर क्या खरीदें, क्या नहीं?

धनतेरस के दिन सोने, चांदी और पीतल की वस्तुओं और झाड़ू खरीदना शुभ होता है। इस दिन काले या गहरे रंग की चीजें, चीनी मिट्टी से बनी चीजें, कांच, एल्युमीनियम और लोहे से बनी चीजें नहीं खरीदनी चाहिए। धनतेरस के दिन फूल वाली झाड़ू यानि जिससे घर में झाड़ू लगाया जाता है उसे खरीदें। परंपरा व मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन हमेशा विषम संख्या में (अर्थात 1, 3, 5) ही झाड़ू खरीदनी चाहिए।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजय दशमी उत्सव एवं शताब्दी वर्ष समारोह, पथ संचलन से समाज को संदेश

### मंत्री दिलीप जायसवाल ने पथ संचलन में लिया भाग

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी कालरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर देश भर में कार्यक्रम कर रहा है। अनेक शहरों में पथ संचलन आयोजित किए गए, जिसका लक्ष्य समाज को संगठित रहने का संदेश देना था। स्वयंसेवकों ने गणवेश में मार्च किया, जिसका नागरिकों ने स्वागत किया। यह शताब्दी वर्ष आरएसएस की 100 वर्षों की यात्रा का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य एकता और देशभक्ति को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिजुरी नगरपालिका क्षेत्र में विजयदशमी उत्सव एवं आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में भव्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विधालय बिजुरी से हुई और नगर भ्रमण करते हुए सब्जी मंडी तक स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में चलते हुए पहुंचे। पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया और कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा एवं समाज के प्रति समर्पण की भावना का संदेश दिया।



विभाग प्रचारक कमल राठौर ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि राष्ट्र की सेवा ही सर्वोच्च कार्य है और अनुशासन, समर्पण तथा सामाजिक जिम्मेदारी के मार्ग पर चलते हुए ही राष्ट्र की प्रगति संभव है।

उन्होंने कहा आरएसएस की स्थापना के मूल में ही राष्ट्र प्रेम है। ऐसे में सभी को राष्ट्र के उत्थान के विषय में सोचना चाहिए। कार्यक्रम में तहसील प्रचारक कृष्ण राज ,बिजुरी खण्ड संघ चालक दसरथ केवट ने सभी स्वयंसेवकों को शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह आयोजन न केवल शताब्दी वर्ष को यादगार बनाने वाला रहा, बल्कि इससे युवाओं और स्थानीय समाज में संगठन की कार्यशैली, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना को भी जागृत किया गया। इस पथ संचलन के माध्यम से स्वयंसेवकों ने अनुशासन और संगठन के महत्व को उजागर किया और समाज में सकारात्मक संदेश का संचार किया। सैकड़ों स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में पथ संचलन करते हुए बिजुरी की गलियों और मार्केट तक पहुंचें, जहां स्थानीय नागरिकों ने भी इस आयोजन को उत्साहपूर्वक देखा और राष्ट्रीय सेवा के प्रति अपने समर्थन का परिचय दिया। कार्यक्रम का समापन सब्जी मंडी ग्राउंड में हुआ, जहां सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रभक्ति और सेवा के संकल्प को दोहराया।

# जगतगुरु मौली सरकार फुटबॉल प्रतियोगिता में कोरबा को हराकर सिवनी ने किया कब्जा



### जगतगुरु मौली सरकार व प्रभारी मंत्री नें खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जनपद के ग्राम पंचायत अमगवा में 3 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ मौली सरकार फुटबॉल टूर्नामेंट 17 अक्टूबर को जगतगुरु मौली सरकार एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार की मौजूदगी में भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। पुष्पराजगढ़ जनपद में वीर शिवाजी युवा संगठन अमगवा में अनूपपुर भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में यह फुटबॉल टूर्नामेंट हर वर्ष आयोजित किया जाता है। हर वर्ष इस टूर्नामेंट की भव्यता बढ़ती जा रही है तीन अक्टूबर को प्रारम्भ हुए इस टूर्नामेंट में राष्ट्रीय स्तर की टीमों ने भाग लिया सबसे बड़ा उलटफेर पुष्पराजगढ़ की टीम ने कोलकाता पश्चिम बंगाल को हराकर किया इस टूर्नामेंट के आयोजन से पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के खिलाड़ियों का खेल स्तर में बहुत सुधार आया है। क्षेत्र के खिलाड़ी अब प्रदेश से राष्ट्रीय स्तर तक अपना परचम लहरा रहे हैं। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जगतगुरु मौली सरकार ने विजेता टीम सिवनी मध्यप्रदेश की टीम को 50 हजार रुपए नकद एवं विजेता ट्राफी प्रदान किया वहीं प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने उप विजेता टीम को 25 हजार रुपए नकद एवं ट्राफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। इस विषेश अवसर पर विचारपुर शहडोल से जर्मनी प्रशिक्षण लेने गई फुटबॉल खिलाड़ियों को बुलाकर सम्मानित किया गया छोटे से गांव अमगवा में आयोजित इस भव्य समापन समारोह में दस हजार से अधिक दर्शकों का जनसैलाब उमड़ा जो इस टूर्नामेंट के सफलता की मिसाल है।

## पोषण माह अंतर्गत 120745 गर्भवती माताओं, किशोरियों एवं बच्चों के पोषण पर हुआ कार्य



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मोटापा नियंत्रण (कम नमक, कम चीनी, कम तेल), प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (पोषण भी पढ़ाई भी), शिशु एवं बाल आहार प्रथाएँ, पुरुष सहभागिता एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना आदि थीम पर आधारित राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन जिले में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक किया गया। पोषण माह अंतर्गत विभिन्न सुधारात्मक गतिविधियों के माध्यम से जिले के 120745 गर्भवती माताओं, किशोरियों एवं बच्चों के पोषण पर कार्य किया गया। जिसमें अनूपपुर तहसील के 31909, जैतहरी तहसील के 36326, कोतमा तहसील के 16454 तथा पुष्पराजगढ़ तहसील के 36056 गर्भवती माताओं, किशोरियों एवं बच्चों के पोषण पर कार्य हुआ।

# उर्वरकों के संतुलित मात्रा में उपयोग हेतु कृषकों को सलाह

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रबी वर्ष 2025-26 हेतु कृषकों द्वारा फसलों की बुवाई हेतु उर्वरकों का उठाव लगातार किया जा रहा है। इस हेतु कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों के संतुलित मात्रा में उपयोग हेतु कृषकों को फसल वार प्रयोग होने वाले उर्वरकों एवं विकल्पों के संबंध में जानकारी दी गई है। जिले में यूरिया 709 मैट्रिक टन, सभी फास्फेटिक उर्वरक 610 मैट्रिक टन, म्यूरेट ऑफ पोटाश 18 मे. टन की मात्रा उपलब्ध है। डी.ए.पी. उर्वरक के विकल्पों एस.एस.पी., 20:20:0:13, 16:16:16, टी.एस.पी. आदि डबल लॉक केन्द्रों अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी, पुष्पराजगढ़, समितियों के पास विक्रय हेतु उपलब्ध है। एस.एस. पी. उर्वरक में पौधों के लिए आवश्यक फॉस्फोरस, सल्फर और कैल्शियम तत्व पाये जाते हैं, जो सभी फसलों के लिए उपयुक्त है। 20.20.0.13 उर्वरक (अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट) के कई लाभ हैं, जिसमें नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, सल्फर पाया जाता है, जो तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा के साथ उपज व गुणवत्ता दोनों को सुधारता है। टी.एस.पी. में फास्फोरस एवं कैल्शियम होता है जो पौधों के लिए एक अतिरिक्त पोषक तत्व है। कृषकों को डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में 20:20:0:13, एस.एस.पी., टी.एस.पी. उर्वरकों के उपयोग करने की सलाह दी गई है। यह उर्वरक जिले में उपलब्ध है। डी.ए.पी. से नाईट्रोजन एवं फास्फोरस के अलावा अन्य पोषक तत्व फसलों को नहीं मिलते हैं जबकि एन.पी. के. उर्वरकों में नाईट्रोजन, फास्फोरस के साथ पोटाश तत्व भी पाया जाता है।



## सीपीआर की जानकारी एवं जीवन रक्षा शपथ कार्यक्रम आयोजित

**अमरपुर।** शासन के निर्देशानुसार हायर सेकेंडरी स्कूल सक्का में गुरुवार को सीपीआर (Cardio Pulmonary Resuscitation) की दो मिनट की जानकारी प्रदान की गई तथा विद्यार्थियों को जीवन रक्षा हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में छात्रों को हृदयगति रुकने की स्थिति में जीवन रक्षक उपायों की जानकारी दी गई। सीपीआर की प्रक्रिया छाती पर दबाव एवं कृत्रिम श्वसन के माध्यम से व्यक्ति का जीवन बचाने की विधि का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि आकस्मिक आपात स्थिति में सीपीआर की जानकारी जीवनरक्षक साबित हो सकती है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को मैं जीवन बचाने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा की शपथ दिलाई गई।







# निर्वाचन प्रेक्षक ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अंतर्गत प्राप्त दावा आपत्ति संबंधी कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार अनूपपुर जिले के नगरीय निकायों में फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी है। जिसके अंतर्गत आयोग द्वारा तैनात प्रेक्षक एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी ए. के. सिंह ने आज नगरीय निकाय अनूपपुर में बनाए गए दावा आपत्ति केन्द्रों पर मतदाता सूची के संबंध में प्राप्त दावा आपत्ति संबंधी कार्य तथा बूथ लेवल पर प्राधिकृत कर्मचारियों के कार्यों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने कहा कि मतदाता सूची के संबंध में प्राप्त दावे-आपत्तियों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निराकरण किया जाए। उल्लेखनीय है कि दावा आपत्ति केन्द्रों पर दावा आपत्ति 24 अक्टूबर तक प्राप्त किए जाएंगे। सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगरपालिका वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 21 नवम्बर को किया जाएगा।

